भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2869
दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

ओडिशा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाना

2869. **श्रीमती सुलता देव:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने ओडिशा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की है; और

(ख) यदि हाँ, तो आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) और (ख): पोषण ट्रैकर पोर्टल, मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 का सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित ई-गवर्नेंस टूल है। पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को लाभार्थियों के रिकॉर्ड डिजिटल रूप से रखने, पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) सेवाओं की निगरानी करने, बच्चों की वृद्धि का रिकॉर्ड रखने और सेवा वितरण के लिए तत्समय (रियल टाइम) डेटा का उपयोग करने की सुविधा सुलभ कराता है।

डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, मिशन के जिला और ब्लॉक स्तर के समन्वयकों के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) के लिए विभिन्न पोषण ट्रैकर मॉड्यूल पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करता है। इसके अलावा, डीआईसी टीम सोमवार से शुक्रवार, दोपहर 03:00 बजे से 04:00 बजे के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नियमित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित करती है, ताकि क्षमता निर्माण में सहायता मिल सके और पोषण ट्रैकर पोर्टल और ऐप के प्रचालन संबंधी प्रश्नों का समाधान किया जा सके।

डीआईसी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, ओडिशा की सभी 73,543 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को पोषण ट्रैकर मॉड्यूल पर प्रशिक्षण दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, ओडिशा सरकार "आईसीडीएस प्रशिक्षण हेतु राज्य सहायता" नामक राज्य क्षेत्र योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए 6 घंटे के डिजिटल साक्षरता सत्र सहित 32-दिवसीय जॉब कोर्स प्रशिक्षण आयोजित करती है। इस सत्र में ऑसम, ई-मानदेय, तथ्य, सहभागिता पोर्टल तथा दैनिक कार्य-प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को शामिल किया गया है।

*****